**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 02.05.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त की ओर से डिगलीपुर तहसील में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय उत्सवः "इको–क्वेस्ट" का कल समापन।
- शिक्षा विभाग की ओर से स्कूली छात्रों के लिए समर हॉबी क्लास तेरह मई से शुरू होगा।
- अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस के अवसर पर कल कार्बाइंस कोव तट पर खगोलीय अवलोकन सत्र आयोजित।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त की ओर से डिगलीपुर तहसील में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। 8 मई को सुबह 9 बजे से यह शिविर डिगलीपुर तहसील के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत उप–विभाजन मामलों और अन्य लंबित राजस्व मामलों के निपटारे के लिए किया जा रहा है। आवेदकों को प्रसंस्करण और समाधान के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होने को कहा गया है। उप–विभाजन मामलों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, आवेदक डिगलीपुर के तहसीलदार से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से तीन दिवसीय उत्सवः "इको–क्वेस्ट– 2025" आयोजित किया जा रहा है। कल आयोजित उद्घाटन समारोह में अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशक गौरांग मिश्रा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में रोजमर्रा की जिंदगी में अर्थशास्त्र के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने, तलाशने और प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच. के. शर्मा, और विभागाध्यक्ष डॉ. हेमा बनर्जी के साथ 'औरोरा' नामक विभाग की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया। अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. कंडीमुथु ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के बीच अर्थशास्त्र के अध्ययन को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने तथा आर्थिक समझ और ज्ञान विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

<><><><><><><>

मुम्बई में वैश्विक मीडिया वार्ता के दौरान आज वेव्स घोषणा को अपनाया गया और सदस्य राष्ट्रों ने परंपराओं और विरासत को आगे बढ़ाने में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। वेव्सा शिखर सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित मीडिया वार्ता में 77 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सभी देशों ने गलत सूचना और भ्रामक सूचनाओं के प्रसार को रोकने और मीडिया की अखंडता, तथ्य–आधारित पत्रकारिता और जिम्मेदार विज्ञापन को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से सांप के काटने के मामलों की रोकथाम और नियंत्रण पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य सांप के काटने के मामलों के प्रबंधन में अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य पेशेवरों की नैदानिक तैयारी को बढ़ाना था। इसमें द्वीपसमूह के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों के चिकित्सा अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम में एम.डी.– मेडिसिन डॉ. शिव शंकर सिंह ने सांप के काटने के नैदानिक प्रबंधन और प्रतिक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला लोक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजीव घोष ने सभी स्तरों पर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निदेशालय की प्रतिबद्धता दोहराई।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से कक्षा तीसरी से आठवीं तक के स्कूली छात्रों के लिए समर हॉबी क्लास 2025 आयोजित किया जाएगा। 13 मई से 17 जून तक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम से समृद्ध भारतीय संस्कृति और कलाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को संगीत, नृत्य, चित्रकारी और शिल्प के क्षेत्र में कौशल विकास कार्यक्रम में शामिल करना है। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर सभी प्रतिभागियों के लिए इंटरैक्टिव पाठ, व्यावहारिक प्रदर्शन और प्रशिक्षण के माध्यम से सत्र आयोजित करेंगे। इच्छुक छात्र या अभिभावक पांच मई से

पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><>

प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज़ ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से छः से तेरह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए निशुल्क विशेष समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर बर्डलाइन स्थित केन्द्र में 5 से 11 मई तक सुबह दस बजे से एक बजे तक चलेगा। इसमें आध्यात्मिक कक्षा, मेडिटेशन, नृत्य, संगीत और कला जैसी गतिविधियां चलाई जाएंगी। इच्छुक बच्चे चार मई तक पंजीकरण करवा सकते हैं।

<><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर द्वीपों में खगोल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन विभाग अंडमान स्टारगेजिंग के सहयोग से खगोलीय अवलोकन पर सत्र आयोजित करेगा। कार्बाइंस कोव तट पर इस कार्यक्रम का समय शाम 6 बजे से 8 बजे तक रहेगा। इस पहल का उद्देश्य द्वीपों में खगोल–पर्यटन की क्षमता को बढ़ावा देना है। लोगों को विशेषज्ञ खगोल संचारक द्वारा निर्देशित दूरबीन अवलोकन के माध्यम से खगोलीय घटनाओं को देखने का अवसर मिलेगा। यह सत्र निःशुल्क है।

<><><><><><>

आकाशवाणी रविवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के उद्घाटन समारोह की लाइव कमेंट्री करेगा। कार्यक्रम शाम पांच बजकर पचपन मिनट से शुरू होगा। यह न्यूज़ ऑन एयर ऐप, प्रसार भारती स्पोर्ट्स यूट्यूब चैनल और डीटीएच पर उपलब्ध होगा।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय अंडमान क्लब में मिस्टर फिट बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता" आयोजित करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 13 मई को शाम 5 से 6 बजे तक आयोजित होगी। इच्छुक प्रतिभागियों से 09 मई, तक पंजीकरण कराने को कहा गया है। पंजीकरण के लिए, नेताजी स्टेडियम के फिटनेस प्रशिक्षक जैक्सन नारायण से 9933269214 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से राशन कार्ड धारकों के लिए दो महीने यानी मई और जून के लिए राशन अग्रिम रूप से वितरित किया जाएगा। लाभार्थी 1 मई से 30 जून के बीच 2 महीने का खाद्यान्न उठा सकते हैं। जो राशन कार्ड धारक मई, के महीने में राशन सामग्री नहीं उठा पाते हैं, वे जून के महीने में भी अपना खाद्यान्न उठा सकते हैं।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में विभिन्न पदों पर नियुक्ति की जाएगी। लैब टेक के विभिन्न श्रेणियों और मैकेनिकल, वर्कशॉप तथा इलेक्ट्रिकल के प्रशिक्षक के पद के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवार कल से भर्ती पोर्टल पर हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय में प्रोबेशन ऑफिसर, मुख्य सेविका और ग्रुप सी के विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह सूची निदेशालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। परीक्षा की तिथि जल्द घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को विभाग की वेबसाइट की नियमित जांच करने को कहा गया है।

<><><><><><>

कालीकट स्थित श्री पथि–नेट्टम–पदी करूप्पु स्वामी मंदिर में चार मई को सुबह नौ बजे से अष्टबंधन महाकुंभ अभिषेकम का आयोजन किया जाएगा। इस सिलसिले में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम चल रहे हैं।

<><><><><><>